भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2869**
20.12.2023 को उत्तर देने के लिए

**7वां राष्ट्रीय आर्थिक सर्वेक्षण**

2869. डॉ. सुकान्त मजूमदार:
श्री राजा अमरेश्वर नाईक:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में राष्ट्रव्यापी 7वां राष्ट्रीय आर्थिक सर्वेक्षण पूरा कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो सर्वेक्षण के प्रमुख निष्कर्षों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रतिभागी राज्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है जिसने अपने क्षेत्र के भीतर सातवें आर्थिक सर्वेक्षण के संचालन में भाग नहीं लिया है;

(घ) यदि हां, तो सर्वेक्षण में भाग न लेने के कारण पश्चिम बंगाल को होने वाले संभावित नुकसान का ब्यौरा क्या है;

(ङ) इसके अनुसरण में सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं;

(च) आर्थिक सर्वेक्षण में देश में राज्य-वार किन महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई है; और

(छ) सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल से प्राप्त आंकड़ों और आंकड़ों के संकलन और विश्लेषण में अन्य कौन-कौन से कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]**

(क), (ख) और (च): सातवीं आर्थिक गणना का फील्डवर्क का कार्य पूरा हो चूका है ।सातवीं आर्थिक गणना के परिणामों के संबंध में, 12 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने अनंतिम परिणामों को अनुमोदन नहीं दिया है और अनुमोदन संबंधी निर्णय के लिए 10 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में यह लंबित है। अतः, राष्ट्रव्यापी 7वीं आर्थिक गणना के परिणामों को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। सहभागी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का ब्यौरा यहां अनुबंध के रूप में संलग्न है।

(ग), (घ) & (ङ): जी हाँ, पश्चिम बंगाल एकमात्र राज्य है जिसने 7 वीं आर्थिक गणना में भाग नहीं लिया है। यद्यपि मंत्रालय और पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों के बीच विभिन्न स्तरों पर कई परामर्श और संचार किए गए थे, लेकिन यह फलीभूत नहीं हो सका।

(छ): कृषि, वानिकी, मत्स्यपालन, खनन और उत्खनन क्षेत्र के आंकड़े पश्चिम बंगाल सरकार से प्राप्त हो रहे हैं और इनका उपयोग सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा देश के सकल घरेलू उत्पाद के आकलन के लिए आउटपुट के सकल मूल्य और सकल मूल्य वर्धन के संकलन के लिए किया जा रहा है।

*****

अनुबंध

**7वीं आर्थिक गणना में भाग लेने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सूची**

1. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
2. आंध्र प्रदेश
3. अरुणाचल प्रदेश
4. असम
5. बिहार
6. चंडीगढ़
7. छत्तीसगढ़
8. दादर और नागर हवेली और दमन और दीव
9. दिल्ली
10. गोवा
11. गुजरात
12. हरियाणा
13. हिमाचल प्रदेश
14. जम्मू और कश्मीर
15. झारखण्ड
16. कर्नाटक
17. केरल
18. लद्दाख
19. लक्षद्वीप
20. मध्य प्रदेश
21. महाराष्ट्र
22. मणिपुर
23. मेघालय
24. मिजोरम
25. नागालैंड
26. ओडिशा
27. पुडुचेरी
28. पंजाब
29. राजस्थान
30. सिक्किम
31. तमिलनाडु
32. तेलंगाना
33. त्रिपुरा
34. उत्तर प्रदेश
35. उत्तराखंड